PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305
ईमेल:—manishvaidy538@gmail.com

# पिलखा भूमि

प्रधान संपादक :— मनीष वैद्य | वर्ष 01 अंक 05 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ.ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक नवंबर 2024 पृष्ठ 4 मूल्य 5 | सहायक संपादकः—विजय कुमार

## संक्षिप्त खबर

### राष्ट्रपति ने दुर्गा पूजा की पूर्व संध्या पर बधाई दी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा, "दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। देवी दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। यह भक्ति का पर्व है और चेतना के उच्च स्तर पर पहुंचने की हमारी आध्यात्मिक यात्रा का प्रतीक हैं। यह पर्व देवी दुर्गा के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त करने और सभी धर्मों में एकता एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने का अवसर है। आइए, हम प्रार्थना करें कि मां दुर्गा हमें एक न्यायपूर्ण, संवेदनशील और समतापूर्ण समाज बनाने के लिए शक्ति, साहस और दृढ़ संकल्प प्रदान क र े । महाशक्ति की उपासना के इस पावन अवसर पर आइए हम महिलाओं के प्रति सर्वोच्च सम्मान और आदर का व्यवहार करने का संकल्प लें।"

## प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की निर्मम हत्या









संवाददाता—महेंद्रपाल सिंह

पिलखाभूमि/सूरजपुर जिला मुख्यालय के थाना में पदस्थ एएसआई की पत्नी व बेटी की हत्या कर सबको घर से 3 किलोमीटर दूर फेंका दिया गया। 14—10—24 की सुबह मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अधिकारियों के साथ पुलिस टीम जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। राम जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना में पदस्थ एएसआई तालीब शेख सूरजपुर रिंग रोड में किराए के मकान पर पत्नी व बेटी के साथ रहते हैं 13—10—24 की रात को पेट्रो. लिंग के लिए निकले हुए थे एएसआई तालीब शेख के घर में उनकी पत्नी व 16 वर्षीय बेटी थी रात में अज्ञात हमलावरों ने एएसआई तालीब शेख के घर में घुसकर उनकी पत्नी व बेटी की हत्या कर दिया। हत्यारों ने शव को घर से करीब 5 किलोमीटर दूर ले जाकर रोड के किनारे खेत में फेंक दिया। इस हत्याकांड के बारे में तब पता चला जब एएसआई तालीब शेख ड्यूटी से घर लौट । घर में परिजनों के नहीं मिलने और खून के छींटें मिलने पर मामले की जानकारी अधिकारियों को दीया। जांच पडताल के बाद मृतकों के शव ग्राम पीढा में शव मिला । घटनास्थल पर पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे हुए थे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में कुलदीप साहू पर है हत्या का संदेह जताया जा रहा है कुलदीप के द्वारा कल रात को ही तालीब शेख व आरक्षक घनश्याम सोनवानी से विवाद किया गया था। तथा घनश्याम पर खोलता हुआ तेल उडेल कर वह मौके से फरार हो गया था। 'एएसआई तालीब शेख की पत्नी – बेटी के शव को पुलिस के द्वारा पा. `स्टमार्टम के लिए भेजा ग य ा ।

**एम आर आहिरे एसपी सूर. जपुर** के अनुसार एएसआई तालीब शेख के पत्नी एवं बेटी की हत्या के मामले में गुस्साए लोगों ने कुलदीप साहू के घर पर किया हमला अपराधी कुलदीप साहू पर है हत्या का संदेह,,,,,, संध्या कुलदीप साहू पर कई गंभीर आरोप दर्ज है 13—10—24 की रात एक अन्य

आरक्षक पर संदेह ने गर्म तेल डालकर किया था जानलेवा हमला 13—10—24 की रात एएसआई तालीब शेख कर रहे थे संदेह की तलाश ,,, इसी दौरान घर में अकेली पत्नी एवं 16 वर्षीय बेटी की हत्या की जताई जा रही है शंका ,,, संदेही जिला बदर का काट रहा है सजा इसके बाद भी सूरजपुर जिले में कई घटनाओं को दे रहा है अंजाम पुलिस कई जांच टीम का गठन कर आरोपी की सरगर्मी से की जा रही है तलाश जांच में जुटी पुलिस **अंकित गर्ग आईजी सरग ुजा के द्वारा खुलासा करते हुए कहा** सूरजपुर में 13—10—24 रविवार को तालिब शेख की पत्नी एवं बच्चे की निर्मम हत्या के मामले में 5 आरोपीयों को किया गया है गिरफ्तार जिसकी पुष्टि सरग. ुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग एवं सूरजपुर पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने की है बताया गया कि आरोपी कुलदीप साहू, अपने साथी, आर्यन विश्वकर्मा, रिंकू सिंह, चंद्रकांत चौधरी, सूरज साहू, के साथ मिलकर आपसी रंजीश के वजह से आरोपियों ने प्रधान आरक्षक तालिब शेख की हत्या करने की योजना बनाकर आरोपी उनके घर गया था तालिब शेख के न होने पर उनके पत्नी एवं बच्चों का निबंध हत्या कर 5 किलोम. ीटर दूर पीढ़ा गांव मैं फेंक दिया **फिलहाल सूरजपुर पुलिस आरोपियों को रिमांड लेने के प्रयास में है ताकि अन्य पहलुओं पर भी बारिकी से जांच की जा सके इसके अलावा एस आई टीम का भी गठन किया गया है जो संदेह पुलिस वालों के ऊपर भी जांच की जाएगी**

### बलरामपुर कांड के मामले में मंत्री राम विचार नेताम ने कहा इस पूरी घटना की इंक्वायरी जज के द्वारा किया जाएगा





जिला संवाददाता– समृद्ध मंडल

पिलखाभूमि/बलरामपुर छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री एवं क्षेत्र विधायक राम विचार नेताम शनिवार देर शाम मृतक गुरु चंद मंडल के घर पहुंचे एवं मृतक के पिता एवं परिजनों से बात की और कहा इस घटना से मैं बहुत दुखी हूं और परिजन एवं मृतक के पिता को आश्वासन दिया और कहा कि जो भी इसे मामले में आरोपी होंगे उन पर कड़ी से कड़ी करवाई कराया जाएगा और मंत्री नेताओं ने अपने और से शोक कुल परिवार को 5 लाख रुपये देने का आश्वासन दिया और मृतक के पुत्र को शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी लिए और कहा कि बच्चा जहां तक पड़ेगा उनका खर्चा मैं उठाऊंगा और तत्काल मंत्री ने 50 हजार रुपये सहायता राशि भी प्रदान किया और मंत्री नेताओं ने कहा कि इस पूरी घटना की इंक्वारी जज के द्वारा किया जाएगा और इस मामले में जो भी जिम्मेदार होगा उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

## बलरामपुर कोतवाली थाने में स्वास्थ्य विभाग के पियूंन गुरुचंद मंडल ने बाथरुम में लगाई फांसी





जिला संवाददाता– समृद्ध मंडल

पिलखाभूमि/बलरामपुर, 24 अक्टूबर। गुरुवार –की दोपहर बलरामपुर कोतवाली थाना के शौचालय में स्वास्थ्य विभाग – के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। कर्मचारी के – फांसी लगाए जाने से आक्रोशित • लोगों ने थाने के सामने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर के ग्राम संतोषी नगर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य करने वाले चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी गुरु चंद मंडल की पत्नी 15–20 दिनों से गायब थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा इसी मामले में गुरु चंद को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था।

सूत्रों के मुताबिक उसे 3 दिनों से सुबह से लेकर शाम तक थाने में बैठाया जा रहा था, इसी बीच गुरुवार की दोपहर लगभग 3.30 गुरु चंद मंडल ने थाने के शौचालय में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को लगी तो बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी एवं नगरवासी आक्रोशित हो गए और थाने के सामने चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।



### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के फांसी लगाने पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा निलंबित आदेश जारी

जिला संवाददाता– समृद्ध मंडल

पिलखाभूमि/बलरामपुर के ग्राम संतोषी नगर के स्वास्थ्य मिशन में कार्य करने वाले कर्मचारी गुरुचंद मंडल की पत्नी गायब थी जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया गया था इस मामले में थाना बलरामपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज को थाना बलरामपुर तलब कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछ. ताछ किया जा रहा था गुरुवार की दोपहर लगभग 3रू30 बजे थाना बलरामपुर के बाथरूम में अपने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है पुलिस अधीक्षक के द्वारा निलंबित आद. `श जारी करते हुए आदेश में कहा गया की थाना बलरामपुर के द्वारा लापरवाही स्वरूप कार्य किया गया है इस मामले में थाना बलरामपुर के 2 अधिकारी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र बलरामपुर मैं सम्बद्ध किया गया है निरीक्षक प्रमोद रुसिया थाना प्रभारी बलरामपुर एवं आर ,के,1064 अजय यादव थाना बलरामपुर को निलंबित किया गया है

### गुरुचंद मंडल का शव का किया गया अंतिम संस्कार

जिला संवाददाता– समृद्ध मंडल

पिलखाभूमि/बलरामपुर थाना में गुरु चंद मंडल का शव मिलने के मामले में शनिवार को सब का अंतिम संस्कार करने के लिए ग्राम संतोषीनगर मैं बलरामपुर एसडीएम पहुंचे जहां बांग समाज एवं ग्रामीणों के द्वारा शव को जलाने से इनकार करते हुए कहा गया समाज एवं ग्रामीणों का यह कहना है कि जिनके अकाल मृत्यु होता है उनका अंतिम संस्कार नहीं किया जाता है इसके बाद एसडीएम अमित श्रीवास्तव के उपस्थिति में गुरु चंद मंडल के शव को घर के नजदीक दफनाया गया



**बयान**—एसडीएम अमित श्रीवास्तव गांव में पूरी तरह से सन माहौल है कानून व्यवस्था के साथ गांव वासी रहे हैं समाज एवं ग्रामीण ने बहुत सहयोग किया है क्षेत्र जनप्रति. निधि एवं घर परिवार के लोगों ने सहयोग करके गुरु चंद मंडल केशव को विधि वध अंतिम संस्कार कर दिया गया है गांव में स्थिति ठीक है गांव एवं समाज के लोग सुबह से सहयोग कर रहे हैं

**बयान**—जनप्रतिनिधि अंतिम संस्कार को लेकर वाद विवाद चल रहे थे लेकिन गाना माननीय व्यक्ति सरपंच एवं जनपद सदस्य उनके माध्यम से परिजनों से बात किया समझाया गया एवं का हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया इस मामले में निष्पक्ष जांच कर इस मामले में जो भी दोषी है जो भी दोषी है उन पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा अंतिम संस्कार के लिए गांव के सभी लोगों के द्वारा कहा गया और परिजन मन भी अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए

### कांग्रेस ने बलरामपुर कांड के मामले में सरकार पर उठाए सवाल



जिला संवाददाता– समृद्ध मंडल

पिलखाभूमि/बलरामपुर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व खाद्य मंत्री अम. रजीत भगत एवं कई कांग्रेस के नेता शनिवार को मृतक गुरु चंद मंडल के घर पहुंचे एवं मृतक के पिता से पूरे घटना की जानकारी लिए एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस मामले की जांच कर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाएगा इस दुखद घटना को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर उठाए सवाल कहा कि शायद सरकार चलाने में सक्षम नहीं आए दिन छत्तीसगढ़ में आपराधिक मामला सामने आते हैं अब छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है


**बयान**— प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आत्महत्या नहीं बल्कि उसे पुलिस थाने में पीट–पीट कर उसकी हत्या कर दिया गया है और उसके बाद उसे आत्महत्या का रूप देने का पूरा प्रयास किया गया है यह तो स्पष्ट रूप से क्लियर हो चुका है यह कौन सा नियम है या कानून में लिखा हुआ है कि 4 दिन तक शनिवार को बुलाया रविवार को बुलाया छोड़ दिया फिर सोमवार को थाने बुलाने के बाद मृतक के पिता और उनके समाधि इन लोगों को सोमवार मंगलवार बुधवार और गुरुवार 4 दिन थाने में रखने का कौन सा नियम है 4 चार दिन थाना में आप रख सकते हैं भारत के संविधान में भी नहीं है की आप चार दिन थाने में नहीं रख सके हैं साय सरकार से मेरा पहला सवाल सोमवार से गुरुवार तक थाने में क्यों रखा गया और बेरहमी से क्यों मारा गया । मेरा दूसरा सवाल क्या उनकी बहू उनकी पत्नी गायब हो गई तो आप उन्हें थाने में बुलाकर पूछताछ कर सकते हैं लेकिन उन्हें मार या पिट नहीं सकते मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि यह कौन सा तरीका है अगर अपराधी हो सकता है लेकिन पूछताछ करने का तरीका में पहली घटना लोहड़ी में चांद साहू को इसी तरह हमारा दूसरा घटना बलरामपुर में आने क्यों दिया जाता है लोहड़ी में मिर्गी से मौत बता दिया जाता है और यहां पर तबीयत खराब होकर मौत बता दिया जाता है आखिर क्या मैं कुछ ना चाहता हूं सरकार जिम्मेदार एसपी मौजूद रहते हैं उसी थाने के एसडीओपी मौजूद रहते हैं उसे थाने में और टी ई और पूरे कर्मचारी मिलकर उनके सामने इनको मारा जाता है कोई रोकने वाला नहीं था कोई समझने वाला नहीं था क्या यही है रामराज या साय का सुशासन क्या यही है मैं पूछना चाहता हूं सरकार से इतना बेरहम से क्यों मार दिया गया। या फांसी लगा लिया गया आत्महत्या कर लिया उसे थाने में इनको क्यों कोने में बंद कर रखा गया था अब सवाल मेरा एक अगर आत्महत्या कर लिया गया उनके पिता थाने में मौजूद थे उनके समाधि साथ में थे तो पंचनामा क्यों नहीं बनाया गया सवाल नंबर दूसरा उतरते समय पंचनामा क्यों नहीं बनाया गया पोस्टमार्टम से पहले परिजनों या परिवार को बॉडी को क्यों नहीं दिखाया गया ऐसा क्या जल्दी था कि उनको आनंद फानंद मैं पोस्टमार्टम के बाद घर लेने के बाद लकड़ी का व्यवस्था कर के और जलाने का प्रयास किया गया।

पिलखा भूमि सरगुजा संभाग सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र



# मुख्यमंत्री द्वारा सूरजपुर जिले को दी गई करोड़ों की सौगात

## 187 करोड़ 51 लाख की लागत से 109 कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास और 50 कार्यों का किया गया लोकार्पण



पिलखाभूमि/सूरजपुर 01 अक्टूबर 2024 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सूरजपुर जिले के दौरे के दौरान जिले में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास एवं लोक. र्पण किया गया। मुख्यमंत्री साय द्वारा लोक निर्माण विभाग सूरजपुर अंतर्गत 68.7725 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 7 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास और 57. 1634 करोड़ की लागत से निर्मित 27 कार्यों का लोकार्पण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सूरजपुर अंतर्गत 44.82 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 3 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत 43 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 01 कार्य का भूमिपूजनधशिलान्यास और 57. 52 लाख की लागत से निर्मित 04 कार्य का लोकार्पण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूर. जपुर अंतर्गत 18.6980 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 5 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत 2. 3047 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 18 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत 2. 5559 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 23 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास मुख्य कार्यपालन अधिकारी , जनपद पंचायत भैयाथान सूरजपुर अंतर्गत 1.9292 करोड़ की लागत से 16 कार्यो का भूमिप. ूजनधशिलान्यस और 19.82 लाख की लागत से 01 कार्यों का लो. कार्पण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत 1.2553 करोड़ की लागत से 10 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास और 36.18 लाख की लागत से 03 कार्यों का लोकार्पण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रेमनगर अंतर्गत 1.0759 करोड़ की लागत से 08 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, सूरजपुर अंतर्गत 12. 7529 करोड़ की लागत से 5 कार्यो का भूमिपूजनधशिलान्यास और 10.18 करोड़ की लागत से 03 कार्यों का लोकार्पण, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

सूरजपुर अंतर्गत 45 लाख की लागत से 13 कार्यो का भूमिप. ूजनधशिलान्यास, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज लिमिटेड अंबिकापुर , अंतर्गत 1.6893 करोड़ की लागत से 05 कार्यों का लोक. र्पण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 3.4271 करोड़ की लागत से 2 कार्यों का लो. कार्पण, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1.2096 करोड़ की लागत से 05 कार्यों का लो. कार्पण, नगरपालिका परिषद सूरजपुर, अंतर्गत 2.04 करोड़ की लागत से 2 कार्यों का लो. कार्पण किया गया।

# जिला स्तरीय आवास मेला का भव्य आयोजन, सांसद चिंतामणि महाराज सहित विधायक गण हुए शामिल, 50 पहाड़ी कोरवा परिवारों को कराया गया गृह प्रवेश





पिलखाभूमि/अम्बिकापुर 29 अक्टूबर 2024–जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों के पक्के आशियाने के सपने को साकार करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस दिशा में सशक्त प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही आम जन के सपने के पूरे होने की इस खुशी को भव्य उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत मंगलवार को जिले के लुण्ड्रा विकासखंड के पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहट लालमाटी में जिला स्तरीय आवास मेला आयोजित किया गया, जहां लोक संस्कृति का अनुसरण कर करमा के गीतों पर थिरकते हुए समूह द्वारा यह उत्सव भव्य बना। इस आवास मेला में मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। इस दौरान लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, कलेक्टर विलास भोसकर, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा प्रसाद एवं बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा परिवार शामिल हुए। इस आवास मेला उत्सव के दौरान सांसद, विधायक गण एवं कले. क्टर सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों के साथ जमीन में बैठकर ग्रामीण अंदाज में भोज का लुत्फ भी उठाया। जिला स्तरीय आवास मेला के अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने आवास योजना के तहत पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को आवास मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के विकास और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने हेतु पीएम जनमन जैसी कल्याणकारी योजना की शुरुआत की और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश और जिले में योजना का बेहतर संचालन किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना में विभिन्न योजनाओं को समाहित किया गया हैं जिसके तहत पहाड़ी कोरवा बसाहटों में विभिन्न सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं जिनमें आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते, बीमा योजनाएं, सड़क निर्माण, पेयजल, आवास, विद्युत, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि बनाए जा रहे हैं। आज आवास मेला में आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, गृह प्रवेश और भूमि पूजन किया जा रहा है। पहुँचविहीन क्षेत्रों में रहने वाली पहाड़ी कोरवा परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई सेवा का लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में दरिमा एयरपोर्ट की शुरू की गई है। भारत सरकार की उड़ान योजना के तहत इसे शामिल किया गया है जिससे आदिवासी बहुल सरगुजा उड़ान सेवा के नक्शे में आ चुका है। उन्होंने इस दौरान सभी लोगों से नशे का साथ छोड़ने और बेहतर भविष्य हेतु आगे बढ़ने की भी अपील की। उन्होंने स्वसहायता समूह की दीदियों को भी आर्थिक रूप से आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। लखपति दीदी के साथ सामान्य समूह की महिलाएं भी सबल हो रही हैं जिससे वे अपने परिवार के बेहतरी के लिए योगदान दे रही हैं। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि लालमाटी में बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं, आज उनके साथ यहां आवास मेला उत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय परिवारों के बेहतर जीवन के लिए योजनाएं बनाई। इसी तरह उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष रूप से पीवीटीजी परिवारों के पक्के घर हेतु प्रयास किया और आज पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए योजन के तहत आवास तैयार किए जा रहे हैं। जनमन योजना शुरू करके एक योजना में सभी विकास योजनाओं को शामिल कर पीवीटीजी परिवारों को लाभ दिलाया जा रहा है। सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने इस अवसर पर लोक गीत के साथ आवास के विचार को जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आवास का गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ मजबूत निर्माण हो। आवास निर्माण हेतु यदि किसी तरह की राशि की मांग की जाती है तो इसकी शिकायत करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। पहाड़ी कोरवा परिवारों के सहयोग एवं उत्थान के लिए शासन और प्रशासन उनके साथ है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह ने भी सभी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिलने पर बधाई एवं शुभक. ामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा प्रसाद ने भी मौजूद हितग्राहियों और ग्रामीणों को संबोधित किया। 50 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र सा. ैंपकर कराया औपचारिक गृह प्रवेश, हितग्राहियों में दिखा बेहद उत्साह जिला स्तरीय आवास मेला में अतिथियों द्वारा पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किया गया, साथ ही उनका औपचारिक गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान सांसद चिंतामणि द्वारा एक हितग्राही के आवास का भूमिपूजन भी किया गया। सांसद एवं विधायक गण ने पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों के नवनिर्मित आवास में जाकर उनसे मुलाकात की और हितग्राहियों के साथ फीता काटकर आवास सौंपा। हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कृषि विभाग अंतर्गत हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं बीज का वितरण एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। सांसद एवं विधायक गण द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत माताओं की गोदभराई एवं शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ नेहा सिंह, एपीओ स्वेच्छा सिंह, जिला समन्वयक आवास योजना शशांक सहित स्थानीय जनप्रति. निधि एवं जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी–कर्मचारी शामिल रहे।

## अंबिकापुर.. ब्रेकिंग –पुलिस और ग्रामीणों में हुई झड़प

’हसदेव अरण्य जंगल में पेड़ कटाई को रोकने के दौरान पुलिस और ग्रामीणों में हुई झड़प
’हसदेव अरण्य के जंगल में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात
’कोयला उत्तखन्न के लिए पेड़ कटाई का स्थानीय ग्रामीण कर रहे थे विरोध
’बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी डंडे से लैस होकर कर रहे विरोध
’हमले में तीन ग्रामीण हुए घायल
’झड़प के दौरान पुलिसकर्मियों को भाई आई चोट
’उदयपुर परसा ईस्ट केते बासेन में कोला खनन के लिए बड़ी संख्या में कांटे जाने हैं पेड़



## साल्ही क्षेत्र में परसा कॉल ब्लॉक मे पेडों की कटाई की जा रही





संवाददाता–महेंद्रपाल सिंह

पिलखाभूमि/सरगुजा जिले के उदयपुर वन परिक्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर हुए खूनी संघर्ष के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्यायेश्वर शरण सिंह देव जंगल के रास्ते ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। जहां ग्रामीणों से मिलकर पेड़ों की कटाई को लेकर हुए खूनी संघर्ष की जानकारी ली। दरअसल उदयपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम साल्ही क्षेत्र में परसा कॉल ब्लॉक को लेकर पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिसका विरोध लगातार ग्रामीण कर रहे हैं। वहीं बीते दिन हुए खूनी संघर्ष के बाद आज जिला पंचायत उपाध्यक्ष ग्रामीण से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि शासन– प्रशासन को पहले ग्रामीणों को भरोसे में लेकर पेड़ों की कटाई की जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा ना करते हुए फर्जी ग्राम सभा और ग्रामीण के बीच झड़प ये कहा कि लोकतंत्र है। वहीं ग्रामीणों ने भी बताया कि किस तरह से पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक ग्रामीणों की पिटाई की गई। बहरहाल परसा कॉल ब्लॉक को लेकर 140 हेक्टेयर में 6000 से अधिक पेड़ों की कटाई पूरी कर ली गई है। इस पेड़ कटाई के दौरान एक मजदूर के ऊपर पेड़ गिरने से इलाज के दौरान अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई।

## चुनाव प्रचार के पर्चे–पोस्टर पर मुद्रक, प्रकाशक के नाम सहित संख्या भी छापना जरूरी





### मुद्रक को तीन दिन में देनी होगी जानक. ारी

### उपनिर्वाचन के संबंध में प्रिंटिंग प्रेस प्रति. निधियों की बैठक सम्पन्न

पिलखाभूमि/रायपुर 21 अक. टूबर 2024–विधानसभा उप. निर्वाचन 2024 के दौरान राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को प्रचार–प्रसार के लिए छपाये जाने वाले बैनर, पोस्टर आदि सामग्रियों में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम–पता और मुद्रित सामग्री की संख्या स्पष्ट छापनी होगी। इसके साथ ही मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक मुद्रक का घोषणा पत्र मुद्रण के तीन दिवस के अंदर कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर तथा एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ उपलब्ध कराना होगा। आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में रायपुर के प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों और जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मास्टर ट्रेनर्स ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के तहत प्रचार साम. ग्रियों के मुद्रण के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा निद. ेशों की जानकारी उपस्थित प्रिं. टंग प्रेस प्रतिनिधियों को दी। उन्होनें यह भी हिदायत दी की इस संबंध में आयोग के दिशा निर्देशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघन कर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में रायपुर के प्रिंटिंग प्रेसों के प्रतिनिधि मौजूद रहें। बैठक में जानकारी दी गई कि विधानसभा उपनिर्वाचन के लिए कोई भी प्रिंटिंग प्रेस प्रकाशक द्वारा साइन की हुई घोषणा और प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो लोगों के हस्ताक्षर के बिना किसी भी निर्वाचन प्रचार सामग्री का मुद्रण नहीं करेंगे। यह भी बताया गया कि मुद्रण के बाद प्रिंटिंग प्रेस को मुद्रक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में घोषणा सहित मुद्रित की गई सामग्री की चार प्रतियां तीन दिन के भीतर निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि निर्वाचन संबंधी किसी भी पंपलेट, पर्चे, पोस्टर आदि में धर्म, वंश, जाति, समुदाय या विरोधी के चरित्र हनन जैसी अपील मुद्रित नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। मास्टर ट्रेनर्स ने यह भी बताया कि मुद्रित प्रचार सामग्री का परिवहन अनुमति प्राप्त वाहन में ही किया जाये। किसी अन्य वाहन में परिवहन करने पर सामग्री सहित वाहन की भी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। परिवहन वाहन में प्रकाशक–मुद्रक की घोषणा अनुसार भी निर्धारित संख्या में सामग्री परिवहन की जाए। जांच के दौरान परिवहन वाहन में अतिरिक्त या अधिक संख्या में सामग्री मिलने पर भी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि निर्वाचन संबंधी सामग्री के मुद्रण के बाद तीन दिवस के भीतर चार प्रतियां और प्रकाशक से मिली घोषणा निर्वाचन कार्यालय में जमा करने की जिम्मेदारी मुद्रक की होगी। इसके साथ ही मुद्रण के लिए ली गई राशि की जानकारी भी देनी होगी। सभी प्रकार की सामग्री के मुद्रण के लिए अलग–अलग जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मुद्रक को निर्वाचन कार्यालय में देना होगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मुद्रक द्वारा छापी गई सामग्री को निर्वाचन कार्यालयों में किसी मुख्य स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी पंपलेट, पर्चे, बैनर, पोस्टर आदि मुद्रण के संबंध में जारी निर्देशों का उल्लंघन करने पर लोक प्रति. निधित्व अधिनियम की धारा 127 क के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसके उलंघन पर छह माह की सजा या दो हजार रूपये जुर्माना या दोनों भी किया जा सकता है।




pilkha bhoomi master file manish_manish 11/7/2024 10:23 AM Page 3



## नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल ने किया पदभार ग्रहण



प्रधान संपादक.मनीष वैद्य

पिलखाभूमि/रायपुर 28 अक्टूबर 2024 नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल ने सोमवार को नया रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया । डॉ मित्तल को प्रभारी आयुक्त एवं संचालक श्री अजय अग्रवाल ने कार्यभार सौंपा एवं उनका स्वागत किया । इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे ।उल्लेखनीय है कि डॉ रवि मित्तल 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे हाल ही में जशपुर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे । डॉ मित्तल ने महासमुंद, रायगढ़ व रायपुर में जिला पंचायत सीईओ के रूप में कार्य किया है । वे 2018 में बगीचा एसडीएम भी रह चुके हैं। डॉ रवि मित्तल ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमबीबीएस किया और फिर वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में आये ।

## करवां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वितरित की साइकिल

पिलखाभूमि/सूरजपुर



21 अक्टूबर 2024 ग्राम पंचायत करवां के शासकीय उच्वतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थीं । साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कक्षा नौवीं की 47 छात्राओं को राजवाड़े के हाथों साइकिल वितरण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा व अन्य विषयों को लेकर चर्चा की। सर्वांगीण विकास पर जोर दिया एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को छात्रों से साझा करते हुए सोशल मीडिया के नकारात्मक तत्वों से दूर रहने की सलाह दी। शिक्षा के साथ संस्कार पर भी जोर दिया । विद्यालय में इको क्लब द्वारा संचालित जैविक उद्यान का भ्रमण कर छात्रों के इस कार्य की सराहना की स्वयं अपने हाथों लौंग की वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया। विद्यालय के बाउंड्री वॉल के लिए आश्वासन भी प्रदान किया कि यथासंभव बाउंड्रीवाल निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम करवां के ग्रामवासी, विद्यालय के स्टाफ स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा सिंह ने किया।

## संपादकीय

## भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का सुनहरा मौका.बिग्रेडियर अमन आनंद

### भारतीय सैनिकों के साथ दंतेवाड़ा के युवा घुड़सवारी में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा



पिलखाभूमि/रायपुर, 01 अक्टूबर 2024–साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह के पूर्व आज पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रेसवार्ता लेकर आयोजन की तैयारियों के बारे में जानकारी साझा की। बिग्रेडियर अमन आनंद ने कहा कि भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने को मिलेगा। युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने सशस्त्र सैन्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आनंद ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने एवं भारतीय सेना की शक्ति और क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक–सैन्य संबंध मजबूत के

### सशस्त्र सैन्य समारोह

**भारतीय सेना की देशभक्ति जज्बा, शक्ति, क्षमताओं को देखकर युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का होगा संचार रू कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह**

**आमजनों के साइंस कॉलेज ग्राउण्ड तक आने–जाने के लिए अलग–अलग स्थानों से रहेगी बस सुविधा**

**बिग्रेडियर अमन आनंद एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रेसवार्ता से जानकारी की साझा**

बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े–बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी। आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और आयोजन को सफल बनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से के कौशल दिखाई देंगे। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों के लिए साइंस कॉलेज मैदान तक पहुंचने के लिए अलग–अलग स्थानों से बस चलाए जाएंगे। अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर कर्नल सुदीप बोस, सुमीत शर्मा, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे। दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह में शानदार प्रदर्शन और रोमांचकारी प्रदर्शनों की श्रृंखला देखी जाएगी। जिसमें विशेष बल कमांडो द्वारा स्लिदरिंग प्रदर्शन, बाइक शो और घुडसवारी प्रदर्शन शामिल है। टी–90 भीष्म टैंक, बीएमपी टू, पैदल सेना लड़ाकू वाहन, स्ट्रेला 10 एम सेना वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, जेडयू 23 गन और आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन समेत आधुनिक हथियार और उपकरण भी सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जनता के देखने के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रेनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड और विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी होगी। आयोजन के दौरान सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा सशस्त्र बलों में शामिल होने युवाओं के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## करषि प्रधान छत्तीसगढ़ में जल संसाधन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका– मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के चयनित 83 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए




पिलखाभूमि/रायपुर, 28 अक्टूबर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के सर्किट हाऊस में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित जल संसाधन विभाग के 83 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जल संसाधन विभाग के 80 सहायक अभियंता सिविल और 03 सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिकी का चयन किया गया है। जिन्हें आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नव नियुक्त अभियंताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में जल संसाधन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारी अर्थव्यवस्था खेती किसानी पर निर्भर है। खेती–किसानी का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसकी मजबूती के लिए सिंचाई सुविधा का सुचारू होना और इस सुविधा का अधिक से अधिक विस्तार भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो इस अवसर पर उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल संसाधन विभाग सहित सभी विभागों में अमले की भर्ती और अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 10 महीनों के दौरान सात हजार से ज्यादा शासकीय पदों में भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। हम सभी मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के निर्माण के सपने को पूरा करेंगे।जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने चयनित सहायक अभियंताओं को दीपावली और राज्योत्सव की बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आप सबके सहयोग से विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगें। उन्होंने कहा कि आपकी जहां भी पदस्थापना हो वहां अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर से बेहतर तरीके से करें। प्रदेश में जितनी भी सिंचाई योजनाएं है उनके अंतिम छोर तक किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करें। जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के हितों के लिए तत्परता से कार्य किया जा रहा है। पिछले आठ माह में विभाग के 380 अधिकारी–कर्मचारियों की लम्बे समय से लंबित पदोन्नति का लाभ प्रदान किया गया।

## व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक




पिलखाभूमि/रायपुर दक्षिण उप निर्वाचन 2024 के तहत व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक श्रीमती कनुप्रिया दमोर ने कहा कि उप निर्वाचन कार्य पारर्शिता और सजगता के साथ सपन्न कराएं। साथ ही एमसीएमसी की सभी विंग पैड न्यूज पर नजर बनाए रखें और सोशल मीडिया पर भी मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के सभी व्यय पर निगरानी रखी जाएं। साथ ही व्यय की जानकारी शाखा को सूचित करें। एसएसटी एवं एफएसटी की टीम निरंतर जांच करें और जांच के दौरान विडियोग्राफी भी कराएं। इससे किसी भी प्रकार की दिक्कतें टीम को भी नहीं होगी। व्यय प्रेक्षक दमोर ने कहा कि चेक पाइंट पर कर्मचारी हमेशा सजग रहें और मॉनीटरिंग की जाएं। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैंकरा ने उप निर्वाचन संबंधी जानकारी व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर को दी। विस्तृत जानकारी के माध्यम से उप निर्वाचन के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन–2024**

**पारदर्शिता से निर्वाचन कार्य संपन्न कराएं, सोशल मीडिया पर रखें नजर**

**एसएसटी एवं एफएसटी टीम समन्वय के साथ करें निरंतर कार्रवाई– कनुप्रिया दमोर**

समाचार पत्र व चैनल
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
पिलखाभूमि ,,अनदेखा सच,,
PRGI.CHHHIN/2023/88305
देश के सभी राज्यों में संवाददाताओं की आवश्यकता है
(छत्तीसगढ़, बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड)
इन पदों में आवश्यकता है
( राज्य संवाददाता, संभाग संवाददाता, जिला संवाददाता, तहसील संवाददाता, ग्रामीण, संवाददाता)
हमारे यहां नौकरी एवं सैलरी नहीं दिया जाता है
क्या आप एक पत्रकार है या बनाना चाहते हैं मीडिया जगत में अपनी कैरियर, सम्पर्क करें। 7583080630.9165046978




## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए राजधानी वासियों के साथ लगाई एकता दौड़

### कहा – सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है रन फॉर यूनिटी






पिलखाभूमि/रायपुर 29 अक्टूबर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में राजधानी वासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी एकता दौड़ लगाई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। साय ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री राम विचार नेताम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता अखंडता को बनाये रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देता है। सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर आगे बढ़े।गौरतलब है कि इस वर्ष दीपावली के उत्सव को देखते हुए 29 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

पिलखा भूमि देश–विदेश सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र 4

# प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया

पिलखाभूमि/वाराणसी– 20–10–2024 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अस्पताल विभिन्न नेत्र रोगों के लिए व्यापक परामर्श और उपचार प्रदान करता है। नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पावन समय पर काशी की यात्रा पुण्य का अनुभव करने का अवसर होती है। उन्होंने काशी के लोगों, संतों और परोपकारियों की गरिमामयी उपस्थिति का उल्लेख किया और परम पूज्य शंकराचार्य जी के दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने तथा उनसे आशीर्वाद लेने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि काशी और उत्तरांचल को आज एक और आधुनिक अस्पताल का आशीर्वाद मिला है और उन्होंने भगवान शंकर की भूमि पर आरजे शंकरा नेत्र अस्पताल के लोकार्पण का उल्लेख किया। नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर काशी और उत्तरांचल के लोगों को बधाई दी।

भारत के प्राचीन शास्त्रों में वर्णित एक उद्धरण का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजे शंकरा नेत्र अस्पताल अंधकार को मिटायेगा और अनेक लोगों को प्रकाश की ओर ले जाएगा। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नेत्र अस्पताल का दौरा करने के बाद उन्हें लगा कि यह आध्यात्मिकता और आधुनिकता का एक मिश्रण है और यह अस्पताल वृद्धों और युवाओं दोनों को दृष्टि प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में गरीबों को इस अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नेत्र अस्पताल अनेक युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा, साथ ही मेडिकल छात्रों के लिए नौकरी और इंटर्नशिप के अवसर पैदा करेगा तथा सहायक कर्मचारियों के लिए भी रोजगार के अवसरों का सृजन करेगा।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान शंकर नेत्र फाउंडेशन के साथ अपने संपर्क को याद किया और शंकर विजयेंद्र सरस्वती के गुरु की उपस्थिति में शंकरा नेत्र अस्पताल का उद्घाटन करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्री कांची कामकोटि पीठाधिपति जगद्गुरु शंकराचार्य चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती स्वामीगल का आशीर्वाद प्राप्त करना अत्यंत संतोष की बात है। उन्होंने परम पूज्य जगद्गुरु जयेंद्र सरस्वती के मार्गदर्शन में अनेक कार्यों को पूरा करने का उल्लेख किया। आज के अवसर का





यह अस्पताल वाराणसी और इस क्षेत्र के कई लोगों के जीवन से अंधकार को दूर करेगा और उन्हें प्रकाश की ओर ले जाएगारू प्रधानमंत्री

काशी अब उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के एक बड़े स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थकेयर हब के रूप में भी प्रसिद्ध हो रहा हैरू प्रधानमंत्री

आज, भारत की स्वास्थ्य रणनीति के पाँच स्तंभ हैं दृ बीमारी होने से पहले का बचाव, समय पर बीमारी की जांच, मुफ्त और सस्ता इलाज, छोटे शहरों में अच्छा इलाज और स्वास्थ्य सेवा में प्रौद्योगिकी का विस्तारू प्रधानमंत्री

अलग–अलग परंपराओं से जुड़ना व्यक्तिगत संतोष की बात है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को आशीर्वाद देने के लिए शंकर विजयेंद्र सरस्वती को धन्यवाद दिया और वाराणसी के जनप्रतिनिधि के रूप में उनका स्वागत किया। मोदी ने प्रसिद्ध उद्यमी स्वर्गीय राकेश झुनझुनवाला की सेवा और कार्यों को भी याद किया। उन्होंने झुनझुनवाला की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि उन्होंने शंकरा नेत्र अस्पताल और चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय दोनों को वाराणसी में अपने प्रतिष्ठान स्थापित करने का अनुरोध किया था और वे दोनों संगठनों के आभारी हैं कि दोनों ने काशी के लोगों के अनुरोध का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अतीत में उनके संसदीय क्षेत्र के हजारों लोगों ने चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय में अपना इलाज कराया था और अब वाराणसी में उनकी पहुंच के भीतर दो नए अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सालय हैं।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि प्राचीन काल से ही वाराणसी की पहचान धार्मिक और सांस्कृतिक उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में भी प्रसिद्ध हो रहा है। मोदी ने कहा कि चाहे वह बीएचयू ट्रॉमा सेंटर हो या सुपरस्पेशलिटी अस्पताल हो या दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल हो या कबीर चौरा अस्पताल में सुविधाओं को मजबूत करना हो या वरिष्ठ नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष अस्पताल हो या मेडिकल कॉलेज हों, पिछले दशक में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। उन्होंने कहा कि वाराणसी में कैंसर रोगियों के इलाज के लिए भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहले दिल्ली या मुंबई जाने की बजाय अब मरीजों को वाराणसी में ही अच्छा इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और अन्य स्थानों से हजारों लोग इलाज के लिए वाराणसी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की मोक्षदायिनी वाराणसी अब नई ऊर्जा और संसाधनों के साथ नवजीवनदायिनी वाराणसी में तब्दील हो रही है।

प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों की चर्चा करते हुए कहा कि की गई। उन्होंने कहा कि स्थिति यह थी कि 10 साल पहले पूर्वांचल में दिमागी बुखार के लिए ब्लॉक स्तर पर कोई उपचार केंद्र नहीं था, जिससे बच्चों की मौत हो जाती थी और मीडिया में शोर मचता था। श्री मोदी ने संतोष व्यक्त किया कि पिछले एक दशक में काशी में ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज पूर्वांचल में दिमागी बुखार के इलाज के लिए 100 से अधिक केंद्र काम कर रहे हैं और पिछले एक दशक में पूर्वांचल के प्राथमिक और सामुदायिक केंद्रों में 10 हजार से अधिक नए बिस्तर जोड़े गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 10 वर्षों में पूर्वांचल के गांवों में साढ़े पांच हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज 20 से अधिक डायलिसिस इकाइयां काम कर रही हैं, जो मरीजों को मुफ्त इलाज दे रही हैं, जबकि 10 साल पहले पूर्वांचल के जिला अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा नहीं थी।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि 21वीं सदी के भारत ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी पुरानी मानसिकता और दृष्टिकोण को त्याग दिया है। उन्होंने भारत की स्वास्थ्य सेवा रणनीति के पांच स्तंभों को रेखांकित किया, जिनमें बीमारी होने से पहले का बचाव, समय पर बीमारी की जांच, मुफ्त और सस्ता इलाज, छोटे शहरों में अच्छा इलाज और डॉक्टरों की पर्याप्त उपलब्धता तथा अंत में स्वास्थ्य सेवाओं में प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग शामिल हैं।

इस बात पर जोर देते हुए कि लोगों का बीमारियों से बचाव, भारत की स्वास्थ्य सेवा नीति की सर्वोच्च प्राथमिकता और पहला स्तंभ है, प्रधानमंत्री ने बताया कि बीमारियां लोगों को गरीब बनाती हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर निकलने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी की ओर धकेल सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए, सरकार स्वच्छता, योग, आयुर्वेद और पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। टीकाकरण अभियान की व्यापक पहुंच पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि दस साल पहले टीकाकरण कवरेज केवल 60 प्रतिशत के आसपास था, जब करोड़ों बच्चे छूट गए थे। उन्होंने हर साल केवल एक से डेढ़ प्रतिशत की दर से टीकाकरण के दायरे में वृद्धि पर दुख व्यक्त किया और कहा कि हर क्षेत्र और हर बच्चे को टीकाकरण के दायरे में लाने में 40–50 साल और लग जाते। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने बच्चों के बीच टीकाकरण के कवरेज को बढ़ाने को प्राथमिकता दी और मिशन इंद्रधनुष का उल्लेख किया जिसमें कई मंत्रालयों ने मिलकर काम किया, जिसके परिणामस्वरूप टीकाकरण कवरेज की दर में वृद्धि हुई और करोड़ों गर्भवती महिलाओं और बच्चों तक सेवाएं पहुंचीं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण पर सरकार के जोर का लाभ कोविड महामारी के दौरान दिखाई दिया, जबकि आज यह टीकाकरण अभियान पूरे देश में तेजी से चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने बीमारी का जल्द पता लगाने के महत्व को रेखांकित किया तथा कैंसर और मधुमेह जैसी कई बीमारियों का शुरुआत में ही पता लगाने के लिए देश भर में लाखों आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज देश में क्रिटिकल केयर ब्लॉक और आधुनिक लैब का नेटवर्क भी निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "स्वास्थ्य क्षेत्र का यह दूसरा स्तंभ लाखों लोगों की जान बचा रहा है।"

स्वास्थ्य के तीसरे स्तंभ को कम लागत में इलाज और सस्ती दवाइयां के रूप में समझाते हुए प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि बीमारियों के इलाज पर होने वाले औसत खर्च में 25 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का भी जिक्र किया, जहां 80 प्रतिशत छूट पर दवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हृदय के स्टेंट, घुटने के प्रत्यारोपण और कैंसर की दवाओं की कीमत में उल्लेखनीय कमी की गयी है, जबकि आयुष्मान योजना गरीबों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करती है, जो जीवन रक्षक साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 7.5 करोड़ से अधिक मरीज मुफ्त इलाज का लाभ उठा चुके हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र के चौथे स्तंभ के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि इससे इलाज के लिए दिल्ली–मुंबई जैसे बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दशक में छोटे शहरों में एम्स, मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जैसे चिकित्सा केंद्र स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए पिछले दशक में हजारों नई मेडिकल सीटें जोड़ी गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले 5 वर्षों में 75 हजार और सीटें जोड़ने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र का पांचवां स्तंभ, प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने के बारे में है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल स्वास्थ्य आईडी बनाई जा रही है और मरीजों को ई–संजीवनी ऐप जैसे माध्यमों से घर बैठे परामर्श की सुविधा प्रदान की जा रही है। मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक ई–संजीवनी ऐप की मदद से 30 करोड़ से अधिक लोगों को परामर्श दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवाओं को ड्रोन तकनीक से जोड़ने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

अपने संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि एक स्वस्थ और सक्षम युवा पीढ़ी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। श्री मोदी ने विशेष रूप से भारत के डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेलय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांची कामकोटि पीठम, कांचीपुरम के जगद्गुरु पीठाधिपति शंकर विजयेंद्र सरस्वती सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हायर सेकेंडरी परीक्षा के समय में हुआ बदलाव



पिलखाभूमि/कोलकाता. पश्चिम बंगाल के आगामी उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के शेड्यूल में बदलाव किया गया है. समय बदलने के दिशा–निर्देश उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से दिये गये हैं. हायर सेकेंडरी की 2025 की परीक्षा 23 मार्च से शुरू हो रही है. सेमेस्टर 2 की परीक्षा भी उसी के साथ शुरु होगी. इस बार 11वीं कक्षा के छात्र सेमेस्टर 2 की परीक्षा देंगे. इस परीक्षा का समय बदल दिया गया है.

### परीक्षा का बदला समय

हायर सेकेंडरी की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शुरु होनी थी. अब समय बदलकर दोपहर 2 बजे कर दिया गया है. परीक्षा शाम 4 बजे तक चलेगी.पहले भाग में उच्च माध्यमिक परीक्षा होगी और दूसरे भाग में सेमेस्टर 2 की परीक्षा होगी. हायर सेकेंडरी दोपहर 1रू15 बजे तक चलेगी. काउंसिल ने यह भी जानकारी दी है कि संगीत और दृश्य कला की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 3.15 बजे तक आयोजित की जायेगी.

### हायर सेकेंडरी शिक्षा परिषद ने जारी की गाइडलाइन

उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद के अध्यक्ष डॉ. चिरंजीव भट्टाचार्य द्वारा जारी नोटिस में बताया गया है कि इस वर्ष हायर सेकेंडरी के क्षेत्र में कई बदलाव किये गये हैं. इस वर्ष से संशोधित प्रणाली से परीक्षा प्रारंभ की गयी है. ग्यारहवीं कक्षा में दो सेमेस्टर और बारहवीं कक्षा में दो सेमेस्टर होंगे. छात्रों को दो सालों में चार बार परीक्षा देनी होगी. परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंक हाइस्कूल के अंतिम परिणाम में जोड़े जायेंगे. इस प्रणाली से आसतन विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम पर अच्छा असर पड़ेगा (इस रिपोर्ट को प्रभात खबर वेबसाइट से लिया गया).

## बाबूलाल मरांडी ने यह घोषणा भाजपा की सरकार बनने पर लोगों को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा.



पिलखाभूमि/झारखंड में अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, तो लोगों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेंगे. झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने यह घोषणा की है. विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने कई और बड़ी घोषणाएं कीं हैं. उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार बनने के बाद 2.87 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी.

### बाबूलाल मरांडी ने शत्रुघ्न महतो के समर्थन में की जनसभा

बाबूलाल मरांडी धनबाद जिले के बाघमारा में भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने जनता से अपील की कि वे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएं. उन्होंने पार्टी के प्रमुख संकल्पों के बारे में आमजनों को बताया. बाबूलाल मरांडी ने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर झारखंड के लोगों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा. इतना ही नहीं, साल में 2 बार पर्व–त्योहार के मौके पर मुफ्त में सिलेंडर दिए जाएंगे.

### 2.87 लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर झारखंड के 2 लाख 87 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी. एक साल के भीतर एक लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा. अगले 5 साल में सभी 2.87 हजार पदों पर नियुक्ति हो जाएगी. बाबूलाल मरांडी ने यह भी आश्वासन दिया कि प्राइवेट सेक्टर में 5 लाख रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे.

### युवाओं को 2000 रुपए प्रति माह मिलेगा भत्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रोजगार भत्ता देने का भी वादा किया. कहा कि बीए और एमए पास युवकों को 2 साल तक प्रति माह 2000 रुपए भत्ता मिलेगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों, किसानों, मजदूरों और गांव में रहने वालों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया है. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, तो आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख तक के इलाज की सुविधा भी उपलब्ध करवाई है. हर व्यक्ति को राशन उपलब्ध कराया गया है.

### आदिवासियों के विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध दृ बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है. भाजपा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर उनका सम्मान बढ़ाया. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की अस्मिता की रक्षा और समग्र विकास के लिए इस बार के चुनाव में भाजपा सरकार जरूरी है.(इस रिपोर्ट को प्रभात खबर वेबसाइट से लिया गया).

## राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अंबिकापुर एयरपोर्ट पर आगमन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया आत्मीय स्वागत



पिलखाभूमि/अंबिकापुर 20 अक्टूबर 2024 मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर के लोकार्पण समारोह में शामिल होने अंबिकापुर पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एयरपोर्ट स्थल पर पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल डेका का यह प्रथम जिला आगमन है। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी अंबिकापुर पहुंचे। स्वागत की कड़ी में आदिम जाति कल्याण एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, संसदीय क्षेत्र सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, संचालक, एविएशन संजीव झा, सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की पहल पर 05 और 06 अक्टूबर को राजधानी में होगा भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह

पिलखाभूमि/रायपुर 03 अक्टूबर 2024 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आयोजित होने वाले भव्य सैन्य समारोह के लिए आज राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरणों का काफिला रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा। शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ास उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे। पूरे रैली में शामिल वाहनों में तिरंगा लहराता रहा। गौरतलब है कि राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 05 से 06 अक्टूबर को होने वाले भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह की तैयारी जोरों पर है। इसमें शामिल होने के लिए भारतीय सेना की सैन्य हथियार



आज राजधानी पहुंचे, जिसमें भीष्म टी–90 टैंक, बीएमपी, एल–70, जेएडयू–23, स्ट्रेला और लोरोस शामिल हुए। इसका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के मुख्य गेट पर सुबह कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। भीष्म टैंक और दूसरे सैन्य उपकरणों को वाहनों सहित फूल–मालाओं से सजाया गया था। लोगों ने इस आकर्षण क्षण को अपने मोबाईलों में फोटो और वीडियों के रूप में रिकार्ड किया। जहां से भी यह काफिला गुजरा, वहां 'भारत माता की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

### साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने किया रिहर्सल–

साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने डेयर डेविल स्टंट और खुखरी डांस और मिलेट्री बैंड का पूर्वाभ्यास किया।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978